# बरेली जंक्शन पर एक्सक्लेटर लगाने का सामान पहुंचा


**मुरादाबाद की तरफ स्वतः संचालित सीढ़ियां और शाहजहांपुर की तरफ लगेगी लिफ्ट**

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली।

ट्रेन पकड़ने के लिए एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर फुट ओवरब्रिज से चढ़कर गुजरना अब आसान हो जाएगा। रेलवे ने शाहजहांपुर की ओर बने ओवरब्रिज के पास लिफ्ट और मुरादाबाद की तरफ बने ओवरब्रिज के पास स्वतः संचालित सीढ़ियां लगाने का काम शुरू कर दिया है।

उत्तर रेलवे का बरेली जंक्शन ए-वन ग्रेड का स्टेशन है। यहां से करीब 18 हजार पैसेंजर हर दिन आते-जाते हैं और करीब सवा सौ से अधिक गाड़ियां गुजरती हैं। मालगाड़ी से मुंबई, दिल्ली, जयपुर आदि स्थानों से व्यापारियों का सामान आता है, जिससे रेलवे को काफी इनकम होती है, इसलिए इस स्टेशन को ए-वन ग्रेड में रखा गया है। इसमें इसी हिसाब से यात्री सुविधाएं भी दी जा रही हैं। वाईफाई के बाद अब जंक्शन पर फुट ओवरब्रिज पर चढ़ने वालों की राह आसान की जा रही है। जंक्शन पर शाहजहांपुर की तरफ स्थित फुट ओवरब्रिज पर उतनी ही ऊंचाई की लिफ्ट लगाई जा रही है, जिससे यात्री पुल पर चढ़-उतर सकेंगे। वहीं मुरादाबाद की ओर स्थित फुट ओवरब्रिज पर स्वतः संचालित सीढ़ियां लगाई जा रही हैं। इसके लिए सामग्री भी आ गई है। स्टेशन अधीक्षक चेतन स्वरूप शर्मा ने बताया कि जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा और यात्रियों को इसकी सुविधा मिलनी लगेगी।



## कैंट के आईएमसी प्रत्याशी के खिलाफ रिपोर्ट

**बरेली (ब्यूरो)।** कैंट विधानसभा के आईएमसी प्रत्याशी मंजीत सिंह उर्फ बिट्टू के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हो गई। उन पर कार्यालय में स्वीकृति से अधिक बैनर और पोस्टर लगाने का आरोप है।

शुक्रवार की शाम कोतवाली की कुतुबखाना चौकी इंचार्ज अमृतलाल कुमार टाकीज स्थित आईएमसी प्रत्याशी के कार्यालय पहुंच गए। प्रत्याशी ने कार्यालय चलाने की अनुमति तो दिखा दी। कार्यालय पर उन्हें 4 गुना 8 साइज का बोर्ड लगाने की अनुमति थी। जबकि उन्होंने कई बैनर पोस्टर लगा रखे थे। चौकी इंचार्ज ने कार्यालय कुछ बैनर उतरवाकर प्रत्याशी के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में एनसीआर दर्ज करा दी।

# बरेली-कासगंज मार्ग पर बिजली से दौड़ेगी रेल

## साल 2017-18 के लिए पेश बजट में मिली स्वीकृति

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली।

वर्ष 2017-18 के लिए प्रस्तुत बजट में पूर्वोत्तर रेलवे की बरेली-कासगंज रेल लाइन पर विद्युतीकरण कार्य समेत कई परियोजना को स्वीकृति मिल गई है। बरेली-कासगंज और भोजीपुरा-डालीगंज तक 401 किलोमीटर रेल खंड पर 343 करोड़ रुपये से विद्युतीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही पीलीभीत-शाहजहांपुर के बीच 83 किलोमीटर मीटरगेज लाइन पर 622.5 करोड़ की लागत से आमान परिवर्तन का कार्य होगा।

इसके अलावा पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक निखिल पांडेय ने बताया कि मंडल के कानपुर-कासगंज रेलखंड के कानपुर-अनवरगंज और रावतपुर स्टेशनों के बीच समपार संख्या नौ के स्थान पर दो लेन की आरओबी का निर्माण किया जाएगा। वहीं कानपुर-कासगंज खंड के कानपुर-अनवरगंज और रावतपुर स्टेशनों के बीच समपार संख्या चार के स्थान पर दो लेन की आरओबी का निर्माण होगा।

**622.5 करोड़ से पीलीभीत-शाहजहांपुर मीटरगेज भी होगा ब्राडगेज**

**15 समपारों के स्थान पर बनेंगे सीमित ऊंचाई के पुल**

इज्जतनगर मंडल के लालकुआं-रामपुर रेल खंड की समपार संख्या 13, 17, 19, 26, 28, 58, 62 और रामनगर-मुरादाबाद खंड की समपार संख्या 23, 25, 46, 48, पीलीभीत-शाहजहांपुर रेल खंड के समपार संख्या 14, 23, 29, 54 पर सीमित ऊंचाई के पुल (सब-वे) बनेंगे, जिससे रेल ट्रैक के नीचे से रास्ता निकाला जाएगा।



**बरेली-सिटी-रामगंगा के बीच जल्द चलाई जाएं गाड़ियां**

बरेली-कासगंज रेल मार्ग पर विद्युतीकरण की मंजूरी तो मिल गई है, लेकिन ब्राडगेज बनाए गए इस ट्रैक पर बरेली सिटी और रामगंगा के बीच अभी गाड़ियां नहीं चल रही हैं। रेलवे के मुताबिक ट्रैक तो तैयार है, लेकिन सीआरएस निरीक्षण न होने अभी ट्रैक पर सवारियां गाड़ी नहीं चल पा रही हैं।

मनोरंजन, सिनेमाजगत की हर खबर amarujala.com पर


# पति से विवाद होने पर महिला ने हाथ की नस काट ली

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली।

थाना इज्जतनगर की सेवाधाम कालोनी में पति से विवाद होने पर लवी ने हाथ की नस काट ली। ससुराल वालों ने आनन-फानन में उसे निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया।

फरीदपुर की लवी ने चार साल पहले सेवाधाम कॉलोनी में रहने वाले अंकुर से लव मैरिज की थी। बृहस्पतिवार की रात पति से लवी का विवाद हो गया। इस दौरान उसने अपने हाथ की नस काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। पति ने परिवार वालों की मदद से उसे निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। मेमो आने पर पुलिस मामले की छानबीन करने अस्पताल पहुंची। इसी बीच लवी की मां भी अपने परिवार वालों के साथ थाने आई गईं। उन्होंने अंकुर पर लवी के हाथ की नस काटने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दे दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके पीछे वजह यह थी कि लवी ने नस काटे जाने की बात से ही इनकार कर दिया। लवी कहने लगी कि उसके घर में गिरने से चोट लगी है। एसएसआई आरके सक्सेना ने बताया कि लवी को अपने पति से अब कोई शिकायत नहीं है। परिवार वालों से भी उसने यही कहा है। लवी को ही किसी से शिकायत नहीं है तो कार्रवाई किसके खिलाफ होगी।




## गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर खाई में गिरी बस

**मीरगंज (ब्यूरो)।** चारबाग डिपो की वोल्वो बस बृहस्पतिवार रात मीरगंज के सिंधौली पुलिया के पास घने कोहरे में खाई में जा गिरी।

बस दिल्ली से लखनऊ जा रही थी। यात्रियों के अनुसार वोल्वो बस की रफ्तार तेज थी और ओवरटेकिंग के चक्कर में आगे चल रही गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी। ट्रैक्टर ट्राली को साइड मारने के बाद बस हाईवे किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। बस की टक्कर से खंभा क्षतिग्रस्त हो गया है। बस का अगला हिस्सा और शीशा भी बुरी तरह टूट गया। हादसे में लखनऊ का ही बस ड्राइवर धर्मेंद्र और अगली सीटों पर बैठे छह यात्री तेज झटका लगने से घायल हो गए। किसी का सिर फूटा तो किसी के हाथ-पैरों, सीने मे चोटें आई हैं। सिंधौली चौराहे पर तैनात पिकेट के पुलिस कर्मियों ने हाईवे की एंबुलेंस से ड्राइवर समेत सभी घायलों को बरेली के प्राइवेट हास्पिटल में भर्ती कराया है। गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्राली फंस जाने और गन्ना रोड पर बिखर जाने से रामपुर दिशा से आने वाला ट्रैफिक घंटा भर तक बाधित रहा। ट्रैक्टर ट्राली और गन्ने को रोड से हटवाकर यातायात बहाल कराया गया।










आपके राज्य की हर खबर amarujala.com पर







